विश्व पृथ्वी दिवस को हैरिटेज निगम ने विधालयों के छात्र–छात्राओं के साथ मनाया

पृथ्वी को कूड़ा पेटी बनने से रोकने व शहर को कचरा मुक्त बनाने की लगभग 250 विधार्थियों ने शपथ ली

अतिरिक्त आयुक्त व उपायुक्त स्वास्थ्य ने स्वच्छता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

वार्ड 44 में महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया

जयपुर, 22 अप्रैल।नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आदर्श नगर जोन में वार्ड नं. 78 स्थित राजकीय बालिका विद्यालय एवं वार्ड नं. 78 स्थित आर के मोदी इन्टरनेशनल स्कूल में छात्र–छात्राओं के साथ एक स्वच्छता जागरूकता मुहिम चलाई गई इसमें दोनों विधालयों के लगभग 250 विधार्थियों ने भाग लिया ।

इस मुहिम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को सिखाया गया कि वे सूखा और गीला कचरा अलग–अलग चयनित पात्रों में डालें ओर गीले कचरे से खाद बनाये और सूखे कचरे को नगर निगम के सेंटर में दें।

इस मौके पर उपायुक्त सरोज ढ़ाका, जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा और पीआईयू की टीम मौजूद थी।

विश्व पृथ्वी दिवस के अंतर्गत अतिरिक्त आयुक्त रौनक बैरागी व उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने महीने भर चलने वाले प्लास्टिक संग्रह अभियान के लिये स्वच्छता रथों को रवाना किया जिन पर ''हर कदम पर्यावरण की ओर, हर कोशिश हरियाली की ओर'' के संदेश लिखे हुए थे, को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस महत्वपूर्ण मौके पर अधिकारियों ने सभी को इस खूबसूरत पृथ्वी ग्रह को बचाने के लिये प्लास्टिक के उपयोग से परहेज करने और पर्यावरण पर होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपील की। इसके अलावा उन्होनें टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिये प्रेरित किया। स्वच्छता वाहनों के इस अभियान के साथ नगर निगम जयपुर हैरिटेज प्लास्टिक कचरे के संग्रह और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा हैं।

पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में ही वार्ड नं. 44 के शांति नगर पार्क में महिलाओं के लिये एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता और सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही सैनेटरी कचरे के सुरक्षित निपटान पर विशेष ध्यान दिया गया।

महिलाओं से आग्रह किया गया किवे सैनेटरी पैड को कागज में सुरक्षित तरीके से लपेंटे और उन्हें कचरा गाड़ी के पीले रंग के कंर्पाटमेंट में डालें।

स्वच्छता रथ
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
विश्व पृथ्वी दिवस
इस विश्व पृथ्वी दिवस पर,
आइए हम सभी मिलकर पृथ्वी की
सुरक्षा का संकल्प लें।
हर कदम पर्यावरण की ओर, हर कोशिश
हरियाली की ओर।
VS
WorldEarth Lay